मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 12/11/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --574/2025
12 नवंबर 2025
झारखंड मंत्रालय, रांची
=====================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में रक्त दान कर स्वैच्छिक रक्तदान महाअभियान का किया शुभारंभ , राज्य वासियों से बढ़ -चढ़कर रक्त दान करने की अपील की ==================

◆ झारखंड राज्य की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्य भर में 12 से 28 नवंबर तक चलेगा स्वैच्छिक रक्तदान महाअभियान

==================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में रक्तदान कर स्वैच्छिक रक्तदान महाअभियान का शुभारंभ किया। झारखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर रक्तदान शिविर महाअभियान पूरे राज्य में 28 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अवसर पर रक्तदान महादान का संदेश देते हुए कहा कि आपका दिया रक्त जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के काम आ सकता है। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से स्वैच्छिक रक्तदान महा अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

रक्तदान अभियान के जरिए पूरा राज्य जीवनदान का केंद्र बनेगा

झारखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ एक नए संकल्प के साथ हमारा राज्य आगे बढ़ाने को तैयार है। अब पूरा राज्य जीवनदान का केंद्र बनेगा। इस बाबत स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा 12 नवंबर से 28 नवंबर तक पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक रक्तदान अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अलग-अलग स्थान पर विशेष रक्त दान शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोग स्वैच्छिक रक्तदान कर सकेंगे। इस अभियान का उद्देश्य राज्य में रक्त की कमी को पूरा करना और हर जरूरतमंद तक सुरक्षित रक्त पहुंचाना है। अस्पताल में रक्त की कमी से किसी की जिंदगी की सांसे थमे नहीं, इसे सुनिश्चित करना हम सभी का परम उत्तरदायित्व है। ऐसे में हम सभी मिलकर झारखंड को जीवनदायिनी राज्य बनाने ला संकल्प लें।

स्वैच्छिक रक्तदान महा अभियान के शुभारंभ के मौके पर मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री श्री इरफान अंसारी, मंत्री श्री हफीजुल हसन, मंत्री श्री योगेंद्र प्रसाद महतो, मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

=====================

#Team PRD(CMO)